एकीकृत ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में 18.5 लाख परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है । एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रमों में चालू वर्ष के दौरान लगभग 4.7 लाख परिवार लाभान्वित होंगे । जवाहर रोजगार योजना में 17 करोड़ मानव दिवस सृजित किए जायेंगे । इसी प्रकार लघु सिंचाई कार्यक्रम में 2 लाख नि:शुल्क बोरिंग की जानी है । अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लघु एवं सीमान्त किसानों की भूमि की उत्पादकता में वृद्धि के लिए 6 हजार लाभार्थियों की भूमि पर कूंओं के निर्माण की व्यवस्था की गयी है ।

किसानों के हित में गन्ना मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया गया है । सामान्य जातियों के लिए 41 रुपए प्रति कुन्तल एवं शीघ्र पकने वाली जातियों के लिए 44 रुपए प्रति कुन्तल मूल्य, निर्धारित किया गया है । नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार ने भारत सरकार को आशयपत्र दिए जाने की संस्तुति भेजी है । प्रदेश को 17 नई चीनी मिलों की स्थापना हेतु आशय-पत्र प्राप्त हो चुके हैं जिससे 42,500 मीट्रिक टन प्रतिदिन पेराई क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी ।

किसानों एवं अन्य निर्बल वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा घोषित 10 हजार रुपये तक की ऋण माफी की योजना निश्चित अवधि में पूर्ण की गयी । सहकारी संस्थाओं द्वारा लगभग 35.85 लाख लाभार्थियों का 633.5 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया है ।

गांवों में अतिरिक्त आय एवं अतिरिक्त रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशु पालन कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया जा रहा है । नस्ल सुधार एवं पशुओं को स्वस्थ रखने एवं उन्हें संक्रामक रोगों से बचाने के लिए यथा आवश्यक सुविधायें प्रदान की गयी हैं । लघु एवं सीमान्त कृषकों तथा भूमिहीन कृषक मजदूरों के लाभार्थ भारत सरकार के सहयोग से चलायी जा रहे विशेष पशुधन प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान एवं बैंक ऋण की व्यवस्था है । मछुआरों के कल्याण हेतु मछुआ सहकारी समितियों को स्थानीय ठेके में वरीयता दी जायेगी । राष्ट्रीय कल्याण योजना के अंतर्गत मछुआ बहुल गांवों में मछुआरों के लिए आवासीय भवन तथा कमेटी हाल निर्मित किए जायेंगे । इस वर्ष मत्स्य विकास में विशेष प्रयास करके 12.5 करोड़ मत्स्य बीज वितरण के लक्ष्य के विपरीत 15 करोड़ मत्स्य बीज वितरित किए गए हैं ।

अम्बेदकर शताब्दी के इस वर्ष में अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम अपनाये गये हैं । चालू वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक जिले में ऐसे 5 ग्राम चुने जाने हैं जिनकी आबादी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है । इनके सर्वांगीण विकास के लिए अम्बेदकर ग्राम्य विकास योजना प्रारम्भ की गयी है । इन गांवों में सर्वेक्षण के पश्चात् योजना बद्ध ढंग से विकास कार्यक्रम चलाये जायेंगे ।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और विमुक्त जातियों के शैक्षिक एवं आर्थिक विकास के लिए अन्य महत्वपूर्ण योजनायें भी अपनायी गयी हैं । छात्र एवं छात्राओं को इस वर्ष छात्रावासों में भरण पोषण अनुदान प्रदान किया जायेगा । मेधावी छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा । छात्रों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भूमि क्रय करने, अतिरिक्त राजकीय छात्रावास के निर्माण एवं स्वैच्छिक संस्थाओं को छात्रावास अनुदान की व्यवस्था प्रस्तावित है । अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख आवास निर्मित किए जाने हैं । स्वच्छकारों को सिर पर मैला उठाने से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से जल प्रवाही शौचालय, सुलभ शौचालय एवं स्थानीय निकायों में पहिया गाड़ी व्यवस्था के लिए धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी ।

अल्पसंख्यकों की आर्थिक समस्याओं एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति शासन की पूरी सहानुभूति है । मेरी सरकार अल्पसंख्यकों में बेरोजगारी दूर करने और उनके आर्थिक उत्थान हेतु समयबद्ध व्यवस्था कर रही है । अल्पसंख्यकों की शासन/प्रशासन, व्यापार आदि सभी क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी जिससे वे राष्ट्र की मुख्य धारा में बिना किसी भेदभाव के सम्मिलित हो सकें । अल्पसंख्यक आयोग को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है । अल्पसंख्यक वित्त आयोग द्वारा नए उद्यमियों को उदार शर्तों पर वित्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है ।

समाज के निर्धन, निराश्रय, विकलांग, विधवा, वृद्ध एवं दुर्बल व्यक्तियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं अपनाई गई हैं । इस वर्ष विधवाओं तथा विकलांगों के भरण-पोषण अनुदान को उदार बनाया गया है । जैसा कि आपको ज्ञात है, पेंशन की दरों में वृद्धि की जा चुकी है । लगभग 3.4 लाख वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गयी है । अब लाभार्थी को आर्थिक सहायता पोस्ट आफिस एवं बचत बैंक के माध्यम से भी सम्भव है ।

मेरी सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के प्रति कृत संकल्प है । आर्थिक दृष्टि से कमजोर महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए अनेक नई योजनाएं चलायी गयी हैं । रोजगार कार्यक्रम समर्थन योजना तैयार की गयी है । महिलाओं को अपने हस्त शिल्प उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष विपणन सुविधा की योजना है । महिला कल्याण निगम द्वारा प्रशिक्षण के भी कार्यक्रम अपनाये गयं हैं । गांवों की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत 1.9 लाख महिलाओं को स्वतः रोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था है । महिलाओं की सुविधा के लिए चालू वर्ष में ग्रामीण शौचालय का एक वृहद् कार्यक्रम लिया गया है जिसमें 2 लाख शौचालय निर्मित किए जायेंगे । इस हेतु अनुदान की भी व्यवस्था है ।

मेरी सरकार नियोजित विकास की दृष्टि से प्रदेश में औद्योगीकरण की दर में वृद्धि के लिए प्रयत्नशील है । लघु व कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सुलभ किए जा रहे हैं । जनता वस्त्र उत्पादन में अनुमन्य सहायता में वृद्धि करके बुनकरों को राहत दी गयी है । प्रदेश के 13 अल्पसंख्यक बहुल्य जनपदों में विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं तथा प्रदेश के 12 जनपदों में सघन औद्योगीकरण अभियान भी चलाया जा रहा है । भारी उद्योगों की स्थापना के लिए केन्द्र से विशेष सिफारिश की गयी है । गैस पर आधारित औरैया परियोजना , सलेमपुर एरोमेटिक परियोजना, मथुरा में ल्यूब आयल रिफाइनरी परियोजना आदि को प्राथमिकता दी गयी है ।

औद्योगिक विकास के लिए ग्रोथ सेन्टर्स स्थापना की रणनीति भी अपनायी गयी है । इस हेतु नोएडा के निकट ग्रेटर नोएडा विकास क्षेत्र की स्थापना की जायेगी और गोरखपुर में 'गीडा' की स्थापना करके अवस्थापना सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जायेगा । औद्योगीकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास खण्ड स्तर पर मिनी औद्योगिक आस्थानों की स्थापना की जा रही है ।

प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल, 1990 से बिक्रीकर छूट की एक नई योजना घोषित की गयी है । इसके अन्तर्गत इकाइयों के प्रसार, विविधीकरण तथा आधुनिकीकरण से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त उत्पादन पर भी बिक्रीकर छूट की सुविधा अनुमन्य है । पर्वतीय क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने के लिए यातायात एवं अन्य मदों में भी अतिरिक्त अनुदान की व्यवस्था की गयी है ।

मेरी सरकार ने शिक्षा नीति एवं भाषा नीति के प्रति अपनी स्थिति समय-समय पर स्पष्ट की है । गरीब एवं अमीर सभी के बच्चे समान स्तर की शिक्षा पायें जिससे आपसी भेदभाव समाप्त हो, इस पर किसी का क्या मतभेद हो सकता है ? राष्ट्र भाषा का विकास हो और उसके साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं का भी विकास हो एवं उन्हें मान्यता मिले, यह राष्ट्र गौरव के लिए आवश्यक है । देश एवं प्रदेश का प्रशासन, न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं अनेक आर्थिक गतिविधियों से सम्बद्ध इकाइयों में हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग हो सके तो हम विदेशी मानसिकता से अलग हटकर राष्ट्राभिमानी एवं अनुशासित नागरिक बन सकेंगे ।

मेरी सरकार ने वायदा किया था कि वर्तमान में चल रहे प्राइमरी स्कूलों के भवनों का निर्माण कराया जायेगा जिससे हर बच्चे की शिक्षा के लिए छत उपलब्ध हो सके । इसलिए प्रथम चरण में 12,820 भवनहीन प्राइमरी स्कूलों में भवन निर्माण का कार्यक्रम अपनाया गया था । यद्यपि कुछ क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के कारण निर्माण कार्यक्रम में वांछित प्रगति नहीं हो सकी, चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक अधिकांश स्कूल पूर्ण रूप से निर्मित हो जायेंगे । वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2270 प्राइमरी और 33 जूनियर हाईस्कूल खोले गए हैं । 100 विकास खण्डों में राजकीय बालिका विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं । इसके पश्चात् केवल 415 विकास खण्ड ऐसे होंगे जहां कि माध्यमिक स्तर के बालिका विद्यालय नहीं होंगे । इन विकास खण्डों को भी आने वाले वर्षों में सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी ।

राष्ट्रीय एकता और पारस्परिक सद्भाव के विकास के उद्देश्य से अहिन्दी भाषी क्षेत्रों की 8 भारतीय भाषाओं के कक्षा 6 से अध्यापन के लिए 8 जनपदों में व्यवस्था की गयी है ।

शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए भी मेरी सरकार कृतसंकल्प है । माध्यमिक विद्यालयों के लिए अनुदान योजना, महाविद्यालयों को स्वायत्तशासी बनाने का प्रयास आदि प्रमुख है । यद्यपि इस वर्ष की विशेष परिस्थितियों के कारण विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में नियमित सत्र बनाये रखने के प्रयासों को पूर्ण सफलता नहीं मिल सकी है, मेरी सरकार इसे प्राथमिकता देते हुए यथासम्भव शैक्षिक सत्रों को शीघ्र नियमित करेगी ।

डा0 भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय को शीघ्र स्थापित किया जायेगा । इस हेतु चालू वर्ष में 5 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है । स्थापना कार्य में गति लाने के उद्देश्य से एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की महानिदेशक के पद पर नियुक्ति की गई है ।

आगामी वित्तीय वर्ष से प्रदेश के विभिन्न पालीटेक्निकों में उद्योगों की आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप तकनीकियों से संबंधित पाठ्यक्रम चलाने का प्रस्ताव है । आठवीं पंचवर्षीय योजना में विश्व बैंक से प्राप्त सहायता से प्राविधिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में गुणवत्ता बढ़ाने, महिलाओं को तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित करने और संस्थाओं के उद्योगों के साथ अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करने पर बल दिया जा रहा है । डिग्री स्तरीय प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं में निजी क्षेत्र में उद्योगपरक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने के प्रस्ताव को वरीयता प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है ।

"सबके लिए स्वास्थ्य" के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा । इस उद्देश्य से आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विस्तार एवं विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास एवं उनमें गुणात्मक सुधार तथा आधुनिकीकरण पर बल दिया जा रहा है । जिला सेक्टर योजनाओं के माध्यम से जन साधारण की आकांक्षाओं के अनुरूप चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है । घातक बीमारियों से बचाव के लिए शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाये जा रहे हैं । चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संस्थानों में आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है ।

प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए मार्गों और पुलों के निर्माण को मेरी सरकार ने समुचित महत्व दिया है । विशेषरूप से गांवों को जोड़ने वाले निर्माण कार्यक्रमों को प्राथमिकता मिली है । मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों के मार्गों, पुलों के लिये लगभग 300 करोड़ रुपये के परिव्यय में से लगभग 163 करोड़ रुपये न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आने वाली योजनाओं पर व्यय किया जा रहा है जिनका उद्देश्य प्रदेश के गांवों को यातायात के साधन उपलब्ध कराना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आठवीं पंचवर्षीय योजना में 1000 तथा उससे अधिक आबादी वाले शेष 5360 गांवों को सब ऋतु योग्य मार्गों से जोड़ने का लक्ष्य है । अब तक ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर मार्ग केवल पत्थर की कुटाई अथवा ईंटों की सोलिंग तक ही बनाये जा रहे थे । अब यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जाने वाली सड़कों को लेपन

स्तर तक पूरा किया जाय । महत्वपूर्ण नगरों के मार्ग तथा भारी यातायात वाले राज्य मार्गों का आधुनिकीकरण एवं सुधार आधुनिकतम विशिष्टियों के अनुसार किया जा रहा है । मेरी सरकार के विशेष प्रयासों से एशियन डेवलपमेन्ट बैंक से कतिपय महत्वपूर्ण मार्गों के लिए वित्तीय सहायता मिल गयी है । इसके अतिरिक्त विश्व बैंक से पोषित 4 मार्गों की योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं जिनकी लम्बाई लगभग 604 किलोमीटर है । इलाहाबाद में यमुना नदी पर लगाये 90 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण के लम्बित प्रकरण पर विशेष प्रयासों से भारत सरकार से निर्णय कराया गया है ।

मेरी सरकार नगर क्षेत्रों में आवास की कमी को दृष्टिगत रखते हुए विकास प्राधिकरणों के साथ निजी तथा सहकारिता क्षेत्र को भी प्रोत्साहन दे रही है । समाज के कमजोर वर्गों की आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दुर्बल आय वर्ग के लिए आवास गृहों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है । आश्रयविहीन श्रमिकों तथा रिक्शा चालकों के लिये रैन-बसेरा बनाये जा रहे हैं । प्रदेश के 64 नगरों की मलिन बस्तियों में जनसुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण में स्वच्छता लाने का कार्य कराया गया, जिससे लगभग 85 हजार व्यक्ति लाभान्वित हुए । शुष्क शौचालयों को जल प्रवाहित शौचालयों में बदलने का कार्य 400 नगरों में कराया गया । भंगी मुक्ति योजना में 55 अन्य नगरों को शामिल करने का प्रस्ताव है ।

प्रदेश की समस्त नगरपालिकाओं और महापालिकाओं में 1 अगस्त, 1990 से चुंगी समाप्त कर दी गयी है जिसका आवागमन तथा वस्तुओं के मूल्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है । नगरपालिकाओं को वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने हेतु अधिनियम में संशोधन करके अधिकृत कर दिया गया है, जिससे नगरपालिकाओं को आवश्यकतानुसार विकास कार्यक्रमों के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे ।

मेरी सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिये वर्तमान योजनाओं में प्रसार तथा नयी योजनायें भी अपनायी है । श्रम विभाग द्वारा तम्बाकू निर्माण में लगे श्रमिकों, चमड़ा उद्योग तथा सहकारी कताई मिलों के कर्मकारों के वेतन भत्ते आदि निर्धारित किये हैं । प्रदेश के 21 नियोजनों में न्यूनतम मजदूरी दरों में पुनरीक्षण किया गया है । श्रम कल्याण केन्द्र एवं चिकित्सा सुविधाओं में भी प्रसार किया जा रहा है । शिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम के उन्नयन हेतु विश्व बैंक योजना प्रारम्भ की गई है । विकलांगों के प्रशिक्षण के लिए एक अलग संस्थान खोला जा रहा है । मेरी सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वर्ष में अधिकांश औद्योगिक इकाइयों में हड़ताल इत्यादि के कारण बन्दी में कमी आयी है ।

राज्य के पर्वतीय अंचल की समस्याओं के निदान एवं इन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों के त्वरित क्रियान्वयन के लिए मेरी सरकार कटिबद्ध है । पर्वतीय क्षेत्र की विशेष समस्याओं और आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रम अपनाये जा रहे हैं । स्थानीय उत्पादन का उचित मल्य एवं विपणन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी । नकदी फसलों, बागवानी, गैर मौसमी सब्जी उत्पादन, दुग्ध विकास, पशुपालन, इलेक्ट्रानिक्स, हस्त शिल्प, खादी और पर्यटन को विकसित करने के लिए समुचित सहायता देकर विशिष्ट कार्यक्रम अपनाये गये है । अन्य फलों के अतिरिक्त इस वर्ष माल्टा फल के लिए मूल्य समर्थन की योजना अपनायी गयी है । शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी विस्तार किया जा रहा है । ग्रामीण क्षेत्र में वनीकरण एवं देखभाल के लिए स्थानीय युवक युवतियों को चयनित कर नये रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे । प्रदेश के विकास में पर्वतीय अंचल के विकास को शीर्ष वरीयता दी जायेगी ।

मेरी सरकार ने न्याय प्रशासन को सुदृढ़ करने हेतु कई कदम उठाये हैं । किराया बेदखली के लम्बित मामलों की सुनवाई हेतु इस वर्ष 4 नये न्यायालयों का सृजन प्रस्तावित है । लोक अदालत के माध्यम से राजकीय कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों को निस्तारित कराने की व्यवस्था की जा रही है । समाज के निर्धन, निर्बल एवं अक्षम व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श दिये जाने की योजना में प्रगति लायी जा रही है । दीवानी न्यायालयों की वित्तीय अधिकारिता में इस उद्देश्य से बढ़ोत्तरी की गयी है ताकि वादकारी जनता को अपनी अपील या

निगरानी दायर करने के लिए अधिकांश में उच्च न्यायालय न जाना पड़े । इस उपाय से उच्च न्यायालय में भी लम्बित अपीलों और निगरानियों की संख्या में कमी आने की सम्भावना है जिससे अन्य मामलों के निस्तारण में गति आयेगी ।

प्रशासन को स्वच्छ, कार्यकुशल और गतिशील बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं । यह प्रयास है कि अधिकारी कर्मचारी जनता के सेवक के रूप में अपने को देखें । जनता की कठिनाइयों के प्रति संवेदनशीलता के उद्देश्य से प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को गांव एवं विभिन्न जनपदों में समय-समय पर भेजा गया है । जिला स्तरीय अधिकारी विकास खण्ड स्तर पर बैठकें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कर रहे हैं । यथा सम्भव जनता की याचिकाओं को मौके पर ही निस्तारित किया जा रहा है । तहसील एवं थानों में तत्परता से कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं । कर्मचारियों/अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पुरस्कार की योजना बनाई गयी है, जिसके अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यकुशल अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य स्तर पर पुरस्कार एवं सम्मान मिलेगा । यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि भ्रष्टाचार इत्यादि के मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हो । सार्वजनिक उपक्रमों के अतिरिक्त राज्य विद्युत परिषद् को भी अब सतर्कता विभाग की परिधि में रखा गया है । सभी विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में सतर्कता अधिकारी मनोनीत किए गये हैं । राज्य कर्मचारियों के हित के लिए एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के उद्देश्य से सेवा सम्बन्धी मामलों के निस्तारण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है ।

लोक आयुक्त संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है । मुख्य मंत्री के पद को भी लोक आयुक्त के कार्य क्षेत्र में लाए जाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय के साथ पत्र व्यवहार किया गया है एवं अतिशीघ्र ही पूर्व घोषणा के अनुसार व्यवस्था को अन्तिम रूप दिया जायेगा ।

मेरी सरकार आवश्यक वस्तुओं की मूल्य वृद्धि से चिन्तित है । वस्तुओं की उपलब्धता एवं उनके मूल्य को केन्द्रीय सरकार की नीति एवं निर्णय मुख्यतः प्रभावित करते हैं परन्तु राज्य सरकार ने आवश्यक वस्तुओं के वितरण में सुधार लाने के हर सम्भव प्रयत्न किए हैं । इस प्रणाली के नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था के अनुसार मण्डलीय सहायक आयुक्तों और राज्य मुख्यालय के अधिकारियों को जिलों में निरीक्षण का कार्य सौंपा गया है । ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ब्लाक वितरण केन्द्रों से निर्धारित सप्ताह के अनुसार दुकानों को सामग्री की पूर्ति की व्यवस्था की गयी है । 'उपभोक्ता अपनी दुकान स्वयं चुनें' योजना सभी जिला मुख्यालयों पर लागू की गयी है । ग्राम सभा स्तर पर दुकानदारों के चयन का प्रस्ताव स्वयं ग्राम सभा द्वारा ही अपनी खुली बैठक में किये जाने की व्यवस्था की गयी है । चीनी मूल्य में वृद्धि को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु निगम के माध्यम से 9 रुपये प्रति किलो-ग्राम की दर से आयातित नान लेवी चीनी के खुले बाजार में वितरण की व्यवस्था की जा रही है । वर्तमान परिस्थितियों में पेट्रोल व डीजल का आयात प्रभावित हुआ है, जिसका प्रभाव प्रदेश में भी इन वस्तुओं की उपलब्धता पर पड़ा है । मेरी सरकार इस कठिनाई की स्थिति में इस समस्या के समाधान के लिए उचित व्यवस्था करने का प्रयत्न कर रही है और यह प्रयत्न किया जा रहा है कि प्राथमिकता के क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल के अभाव की स्थिति उत्पन्न न हो । मिट्टी के तेल की वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं । प्रत्येक ब्लाक वितरण केन्द्र पर एक वितरक या होल सेलर की व्यवस्था की गयी है ।

मेरी सरकार का पूरा ध्यान विकास कार्य में लगना था परन्तु प्रदेश में उत्पन्न विशेष परि-स्थितियों के कारण कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन की व्यस्तता रही है । इस चुनौती में राज्य सरकार के अधिकारी/कर्मचारी और पुलिस कर्मी विशेष रूप से सराहना के पात्र हैं । यद्यपि साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में पुलिस प्रशासन व्यस्त रहा फिर भी डकैती एवं अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, घटनाओं की तफतीश आदि को कुशल ढंग से पूर्ण किया गया । विघटनकारी तत्वों पर सफलतापूर्वक निगरानी रखी गयी और अनेक मुठभेड़ों में ऐसे तत्वों

का सफाया भी हुआ । पुलिस बल को गतिशील एवं प्रभावी बनाने के लिए मेरी सरकार प्रयत्नशील है । मेरी सरकार ऐसे समस्त प्रस्तावों पर सम्यक् रूप से विचार कर रही है जिससे पुलिस संगठन के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग का विश्वास बढ़े । इसी के साथ मेरी सरकार ने पुलिस कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के भत्तों में भी वृद्धि की है ।

लोकतांत्रिक संस्थाओं में आस्था और उन्हें सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप मेरी सरकार ने पंचायतों को सक्रिय भूमिका प्रदान करने की नीति अपनायी है । ग्राम प्रधानों को गांव में विकास कार्यक्रमों के लिये प्रमुख रूप से उत्तरदायी बनाया गया है । उपलब्ध आर्थिक संसाधनों का उपयोग उनके माध्यम से ही कराया जा रहा है । शौचालय निर्माण, पाठशाला भवन निर्माण, गांव में खड़न्जा निर्माण, नाली का निर्माण, परिवार नियोजन इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रधानों के सहयोग एवं देख रेख में चलाये जा रहे हैं ।

राज्य सरकार ने मण्डल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को सामाजिक न्याय देने का निर्णय लिया है । इन वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है । इसके साथ-साथ सरकार अन्य वर्गों के युवाओं के भविष्य के प्रति भी समान रूप से चिन्तित है । अतः आर्थिक आधार पर अतिरिक्त आरक्षण दिये जाने का भी निर्णय मेरी सरकार ने सिद्धान्ततः ले लिया है । इस हेतु श्री रमाशंकर कौशिक, मंत्री, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में एक कमेटी भी गठित की गयी है ।

एक अन्य समस्या का यहां जिक्र करना जरूरी है, यह प्रदेश के भीतर अन्तर्क्षेत्रीय असमानताओं की है । विशेष उपायों द्वारा प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु उत्पादकता और अवस्थापना सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मेरी सरकार प्रयत्नशील है । विशेष रूप से बुन्देलखण्ड, पूर्वी क्षेत्र एवं पर्वतीय क्षेत्र के लिए त्वरित विकास के उपाय ढूंढे जा रहे हैं और बजट में इन्हें प्राथमिकता दी गयी है ।

मेरी सरकार नये रोजगार के अवसर सृजित किए जाने के लिए पूरी तरह से जागरूक है । जहां विकास की दर बढ़ाए जाने का लक्ष्य है वहीं ऐसी अर्थ व्यवस्था लानी है, जिससे कि विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में उत्पादक रोजगार के अवसर पैदा हों । ऐसी योजनाओं को प्रमुखता दी जायेगी जहां युवकों को काम के अवसर मिल सकें और उनकी न्यायोचित आकांक्षाओं की पूर्ति हो । इसके लिए कृषि और ग्रामीण विकास मद में बजट का महत्वपूर्ण अंश आवंटित किया गया है ताकि बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हों ।

मेरी सरकार वचनबद्ध है कि अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाये । संविधान की मर्यादा एवं निहित आकांक्षाओं की पूर्ति तभी सम्भव होगी, जबकि सभी राजनीतिक दल न्यूनतम कार्यक्रमों को रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वीकार करें, बुनियादी सिद्धान्तों को मान्यता दें एवं अल्प कालीन तात्कालिक लाभ के लिए ऐसे कदम न उठायें जिसके प्रतिकूल प्रभाव दीर्घकालीन प्रकृति के हों एवं जो राष्ट्र के आधारभूत ढांचे को चुनौती दें । पिछले कुछ माह में जिस प्रकार की घटनायें हुई हैं उन पर हर नागरिक को सच्चे दिल से पूछना होगा कि क्या ऐसी घटनायें जनता की भलाई, साम्प्रदायिक सौहार्द, गरीबी में कमी, बेरोजगारी में कमी और भुखमरी को मिटाने के हित में थीं । यदि नहीं तो आम जनता को ऐसे कुप्रयासों के खिलाफ संगठित संघर्ष करना होगा एवं आपसी झगड़े भड़काने की राजनीति को किसी प्रकार का स्थान नहीं देना होगा । यह भी विचारणीय है कि संविधान में वर्तमान संघीय ढांचे में विभिन्न राज्य सरकारों की एक दूसरे के प्रति क्या जिम्मेदारी और भूमिका होनी चाहिए ? ऐसा कोई प्रकरण नहीं हो सकता है कि जहां एक प्रदेश राष्ट्रहित में कदम उठाये और दूसरा प्रदेश ऐसे कदम को अवांछनीय करार दे । यदि मन्दिर-मस्जिद विवाद पर हम धैर्य एवं शान्ति से सोचें, इसे राजनीतिक मामला न बनायें, तो इस सरकार की जो नीति रही है और जो कदम उठाये गये, उससे सभी सहमत होंगे । मेरी सरकार मन्दिर निर्माण के विरुद्ध नहीं है लेकिन जब तक इस

झगड़े का निपटारा अदालत से अथवा आपसी बातचीत से नहीं होता तब तक एकतरफा कदम उठाने की किसी को अनुमति कैसे दी जा सकती है ? लोकतांत्रिक परम्परा में इस प्रकार के विवाद का सद्भाव से ही तय किया जा सकता है, लड़ाई झगड़े से नहीं । यही राष्ट्रहित में भी है । मेरी सरकार को इस विकराल समस्या से अकेले जूझना पड़ा । पिछले वर्ष में राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक में अयोध्या के मसले पर आम सहमति बनायी भी गयी थी, परन्तु इसे कार्यरूप में परिणित किए जाने का निष्ठापूर्वक प्रयास नहीं किया गया । बहुसंख्यकों की भावनाओं को भड़का कर मेरी सरकार को चारों तरफ से घेरा गया । पड़ोसी राज्य से लाखों की तादाद में लोग इस प्रदेश में आ जुटे । प्रशासन के लिए यह एक अनोखा अनुभव था । मुझे इस बात का संतोष है कि ऐसी गम्भीर परिस्थितियों के बावजूद भी जनता के सबल समर्थन से मेरी सरकार ने संविधान की रक्षा करते हुए उसके धर्मनिरपेक्ष ढांचे को बचा लिया । राष्ट्र के संविधान की रक्षा, धर्म-निरपेक्षता, न्यायालय का सम्मान और आपसी सौहार्द की अपनी गौरवशाली परम्परा को बचाये रखने के लिए मेरी सरकार द्वारा पिछले दिनों अयोध्या नगरी में जो कदम उठाये गये, उसके अलावा और कोई विकल्प नहीं था । फिर भी अयोध्या में जो कुछ हुआ और अयोध्या की घटनाओं के पश्चात् कुछ अन्य जनपदों में जो साम्प्रदायिक दंगे हुए उनकी न्यायिक जांच का निर्णय लिया गया है । मेरी सरकार वचनबद्ध है कि संविधान एवं धर्मनिरपेक्षता को हर चुनौती से सुरक्षित रखेगी और वह इसके लिए किसी प्रकार का मूल्य चुकाने को तैयार है ।

माननीय सदस्यगण, मैंने सरकार की प्रमुख नीतियों एवं कतिपय प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा संक्षेप में आपके समक्ष प्रस्तुत की है । समाज के अन्य वर्गों जैसे–भूतपूर्व सैनिकों, विद्यार्थी, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, नन्हें मुन्ने बच्चों आदि के लिए भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं । इस सत्र में आपके समक्ष महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किए जायेंगे जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी । विधान मण्डल के गत बजट सत्र के बाद मैंने कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किए हैं, जिनको प्रतिस्थापित किए जाने वाले विधेयकों को पारित करने की भी आपसे अपेक्षा की जायेगी ।]

जिन परिस्थितियों से देश और प्रदेश गुजर रहा है एवं जो समस्याएं और चुनौतियां हैं उनका समाधान ढूंढकर प्रदेश को विकास के मार्ग पर अग्रसर करने का गुरुतर भार आपके कन्धों पर है । मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप देश एवं प्रदेश के कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए प्रदेश में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और प्रदेश के विकास में सहयोग प्रदान करेंगे । इन शब्दों के साथ मैं आपको अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आहूत करता हूं ।

जय हिन्द ।

(श्री शारदा प्रताप शुक्ल, श्री चन्द्रशेखर सिंह (वाराणसी), श्री यदुनाथ सिंह, श्री मोती लाल दहेलवी आदि जनता दल के अधिकांश सदस्य एक साथ नारे लगाते हुए कि "अल्पमत की सरकार को बरखास्त करो," सदन के फ्लोर पर बैठ गये और सदन में घोर व्यवधान होता रहा)

उत्तर प्रदेश सिविल विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1990†

(व्यवधान के मध्य)

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

माननीय, आपकी आज्ञा से मैं उत्तर प्रदेश सिविल विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1990 सदन के पटल पर रखता हूं ।

(व्यवधान के मध्य)

नोट–[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया ।

†छापा नहीं गया ।

भूमि अर्जन (उत्तर प्रदेश संशोधन और विधि मान्य करण) अध्यादेश, 1990†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं भूमि अर्जन (उत्तर प्रदेश संशोधन और विधि मान्य करण) अध्यादेश, 1990 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1990†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1990 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) अध्यादेश, 1990†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) अध्यादेश, 1990 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1990†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1990 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियों और पेंशन) (संशोधन) अध्यादेश, 1991†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेन्सन) (संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सरकारी वाद (अभिवक्तावों का आबंधन) अध्यादेश, 1991†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश सरकारी वाद (अभिवक्तावों का आबंधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश देशी शराब लाइसेन्स का व्यवस्थापन (टेण्डर एवं नीलामी) नियमावली (संशोधन) अध्यादेश, 1991†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश देशी शराब लाइसेंस का व्यवस्थापन (टेण्डर एवं नीलामी) नियमावली (संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

(जनता दल के अधिकांश सदस्य सदन के फ्लोर में बैठे-बैठे नारे लगाते रहे जिससे घोर व्यवधान होता रहा)

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा समय निर्धारण का प्रस्ताव

(व्यवधान के मध्य)

---

†छापा नहीं गया ।

श्री अध्यक्ष–

मैं कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश को सूचना सदन को दे रहा हूं जिसे पढ़ी हुई मानी जाय । (ठीक है की आवाजें) कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशें पढ़ी हुई मानी गयीं जो इस प्रकार है :–

[उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 20 जनवरी, 1991 की बैठक में सदन के दिनांक 21 जनवरी, 1991 से दिनांक 3 फरवरी, 1991 तक के उपवेशनों के कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :–

1–सदन का दिनांक 21 जनवरी, 1991 से दिनांक 3 फरवरी, 1991 तक का तिथिवार कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया जाय :–

जनवरी, 1991	
21 सोमवार	12·30 बजे अपराह्न (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना । (2) औपचारिक कार्य तथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पूर:स्थापन, आदि ।
22 मंगलवार	(1) निधन के निर्देश (प्रश्नकाल के उपरान्त) । (2) श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
23 बुधवार	(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (5 बजे अपराह्न तक) । (2) निम्नलिखित विधेयकों पर विचार एवं उनका पारण :– (क) उत्तर प्रदेश ईंट (सम्भरण का विनियमन) विधेयक, 1990, जैसा उत्तर विधान परिषद् द्वारा पारित हुआ–आधा घण्टा । (ख) भ्रष्टाचार निवारण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1991–आधा घण्टा ।
24 गुरुवार 25 शुक्रवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
26 शनिवार से 3 फरवरी, 1991 रविवार तक–	बैठक नहीं होगी ।

2–दिनांक 22 जनवरी, 1991 से दिनांक 25 जनवरी, 1991 तक श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नियम 56 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं और उक्त चार दिनों में नियम 301 की 7 सूचनाओं के स्थान पर 12 सूचनायें प्रतिदिन ग्राह्य की जायं तथा

3–दिनांक 25 जनवरी, 1991 को पड़ने वाले शुक्रवार को असरकारी कार्य न लिया जाय ।]

(घोर व्यवधान के मध्य)

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज अभी श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, यह सदन सहमत है ।

नोट :–[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश जिसकी सूचना अभी सदन में दी गयी है और जिस पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव रखा है, से सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

भ्रष्टाचार निवारण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1991†

लोक निर्माण, संसदीय कार्य एवं आबकारी मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भ्रष्टाचार निवारण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1991 को पुर:स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि भ्रष्टाचार निवारण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1991 को पुर:स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

श्री बेनी प्रसाद वर्मा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भ्रष्टाचार निवारण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1991 को पुर:स्थापित करता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

अब हम उठते हैं और कल 11.00 बजे फिर मिलेंगे ।

(इसके बाद सदन 12 बजकर 36 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया ।)

भाल चन्द्र गुप्त,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ :
21 जनवरी, 1991

---

†दिनांक 23 जनवरी, 1991 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा हुआ है ।

पी०एच०यू०पी०-एल० 520 विधान सभा-(889)-1991-572 ।